C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:10 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:00 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 19 अंक 86 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. सोमवार, 21 सितम्बर 2026

चार दिन पहले छोड़ी डेब्यू फिल्म... पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### तुंगनाथ ट्रेक पर हादसा, खाई में गिरी महिला की तलाश जारी

**चमोली।** तुंगनाथ ट्रेक पर रविवार देर शाम गणेश मंदिर के पास एक महिला के गहरी खाई में गिरने की सूचना है। सूचना मिलते ही डीडीआरएफ और आपदा मित्र की टीम को मौके के लिए रवाना किया गया। सर्च टीमों ने रात भर महिला की खोजबीन की मगर महिला का सुराख नहीं मिल पाया। रात अधिक होने के कारण अभियान रात में रोकना पड़ा। सोमवार सुबह से फिर से खोजबीन शुरू हो गई है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि तुंगनाथ ट्रेक पर रविवार देर शाम गणेश मंदिर के पास महिला के खाई में गिरने की सूचना मिली थी। जानकारी शाम करीब 6:21 बजे जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र को मिली। जिसके बाद शीघ्र मौके पर रेस्क्यू टीमों को रवाना किया गया। खाई काफी गहरी होने के कारण एसडीआरएफ अगस्त्यमुनि, डीडीआरएफ ऊखीमठ, आपदा मित्र और पुलिस बल को भी सर्च एवं रेस्क्यू के लिए लगाया गया। टीमों ने देर रात तक महिला की तलाश में अभियान चलाया।

### कल अल्मोड़ा में जुटेगी विचारकों की टोली

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड लोक वाहिनी की यहां माल रोड स्थित एक परिसर में हुई बैठक में कल 22 सितंबर को आयोजित होने वाले शमशेर स्मृति समारोह की रूपरेखा तय की गई। बताया गया कि इस बार अनियंत्रित विकास से घायल हिमालय विषय पर संगोष्ठी आयोजित होगी। वाहिनी के अजयमित्र सिंह बिष्ट ने बताया कि संगोष्ठी सुबह 11 बजे से स्थानीय सेवाय होटल के सभागार में होगी। हिमालयी वैज्ञानिक डॉ. महेंद्र सिंह मिराल हिमालयी क्षेत्र में मंडरा रहे ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड के खतरे पर स्लाइड शो के माध्यम से अपनी बात रखेंगे। इसके साथ ही गांधीवादी विचारक और पर्यावरणविद् कुमार कलानंद मणि अनियंत्रित विकास से घायल हिमालय विषय पर व्याख्यान देंगे।

# प्रदेश में विदाई से पहले करवट लेगा मौसम, बारिश के आसार

देहरादून
हमारे संवाददाता

21 से 26 सितंबर तक चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, नैनीताल, चंपावत जिले के कुछ हिस्सों में गर्जन के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान है। प्रदेश से मानसून की विदाई से पहले एक बार फिर मौसम करवट ले सकता है। मौसम विभाग ने 26 सितंबर तक राज्य के पर्वतीय जिलों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ बारिश होने का अनुमान जताया है। इस दौरान कुछ इलाकों में मौसम का मिजाज बदलने और बादल छाए रहने की संभावना है। मानसून की सक्रियता के चलते पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश का दौर देखने को मिल सकता है। बारिश के साथ गर्जन होने की भी संभावना है। ऐसे में पहाड़ी जिलों में आवाजाही करने वाले लोगों को मौसम के मिजाज पर नजर रखने की सलाह दी गई है। राज्य के मैदानी इलाकों में भी बादल छाए रहने और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना बनी हुई है। मौसम में बदलाव के चलते तापमान में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मानसून की विदाई से पहले प्रदेश में मौसम का मिजाज पूरी तरह साफ नहीं रहेगा। 21 से 26 सितंबर तक चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, नैनीताल, चंपावत जिले के कुछ हिस्सों में गर्जन के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान है। मानसून विदाई की बात करें तो 25 से 30 सितंबर के बीच प्रदेश से मानसून की विदाई की संभावना है।



### चटक धूप से मैदानों में चढ़ा पारा

बीते कुछ दिनों से प्रदेश भर में मौसम शुष्क है। दिन के समय चटक धूप खिलने से मैदानी इलाकों में तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। जबकि पर्वतीय इलाकों का तापमान सामान्य के आसपास दर्ज किया जा रहा है। रविवार के आंकड़ों पर नजर डालें तो दून का अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री इजाफे के साथ 33.9 डिग्री रहा। जबकि रात का न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री के साथ सामान्य रहा। ऐसा ही हाल प्रदेश के अन्य इलाकों का भी रहा।

तालिबान ने दी जवाबी कार्रवाई की धमकी

# पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर की एयरस्ट्राइक, 3 की मौत

नई दिल्ली
एजेंसी

पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में हवाई हमला किया, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत और कई घायल हुए। हमले के बाद तालिबान ने चेतावनी दी कि अफगान क्षेत्र में सैन्य कार्रवाई का जवाब दिया जाएगा।

पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में हवाई हमला किया, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत और कई घायल हुए। हमले के बाद तालिबान ने चेतावनी दी कि अफगान क्षेत्र में सैन्य कार्रवाई का जवाब दिया जाएगा। माना जा रहा है कि यह सैन्य हमला उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में एक पुलिस स्टेशन परिसर में हुए आत्मघाती बम धमाके के जवाब में किया गया है। इससे यह आशंका बढ़ गई है कि पड़ोसी देशों के बीच तनाव एक बार फिर खुली लड़ाई में बदल सकता है। दरअसल, फरवरी में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच कई वर्षों में सबसे गंभीर सैन्य टकराव हुआ। यह ताजा तनाव उस चेतावनी के कुछ दिनों बाद बढ़ा है जिसमें तालिबान ने कहा था कि वह किसी भी पाकिस्तानी सैन्य कार्रवाई के खिलाफ अफगान क्षेत्र की रक्षा करेगा।

पाकिस्तान के संभावित हमलों से पहले, तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने इस्लामाबाद को चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा कि वह हमले न करे। उन्होंने कहा कि अगर अफगानिस्तान की जमीन पर हमला हुआ, तो काबुल सैन्य जवाब देगा।

मुजाहिद ने कहा, अगर पाकिस्तान अफगानिस्तान की जमीन की पवित्रता का उल्लंघन करने के लिए आर्टिकल 51 का इस्तेमाल करता है, तो अफगानिस्तान को अपने देश की रक्षा करने का अधिकार है, और हम ऐसा करेंगे। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के अंदर कोई भी पाकिस्तानी सैन्य अभियान अफगान संप्रभुता का उल्लंघन होगा और काबुल की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया हो सकती है।



# सऊदी में हूती हमलों से बढ़ा तनाव, अमेरिका ने लगाई कर्मचारियों की यात्रा पर रोक

नई दिल्ली
एजेंसी

सऊदी अरब की ओर हूती मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद अमेरिका ने अपने सरकारी कर्मचारियों की ताइफ और यनबू यात्रा के लिए विशेष अनुमति जरूरी कर दी है। रियाद की ओर दागी गई बैलिस्टिक मिसाइल को सऊदी गठबंधन ने रोकने का दावा किया है। इसी बीच ईरान ने अमेरिका और उसके सहयोगियों को नए बड़े हमले की स्थिति में लगातार जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। कतर ने सऊदी अरब पर हुए हूती हमलों की निंदा की है और पूरे क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

यमन के हूती समूह के मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद सऊदी अरब में सुरक्षा को लेकर अमेरिका ने बड़ा अलर्ट जारी किया है। अमेरिकी मिशन ने सऊदी अरब में काम कर रहे अपने सरकारी कर्मचारियों को ताइफ और यनबू शहरों की यात्रा के लिए विशेष अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया है। यह नियम सरकारी काम के साथ-साथ निजी यात्रा पर भी लागू होगा। अमेरिकी मिशन ने कहा कि यह फैसला मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए लिया गया है। साथ ही सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी नागरिकों से सतर्क रहने और सुरक्षा निर्देशों का पालन करने को कहा गया है। अमेरिकी मिशन ने अपने नागरिकों से सतर्क रहने, स्थानीय मीडिया और सरकारी घोषणाओं पर नजर रखने तथा फोन चार्ज रखने को कहा है। हवाई हमले की स्थिति में लोगों को खिड़कियों और कांच के दरवाजों से दूर रहने की सलाह दी गई है। अमेरिका ने लोगों से प्रदर्शन और बड़ी भीड़ से बचने तथा ऐसे स्थानों पर अतिरिक्त सावधानी बरतने को भी कहा है, जिन्हें सार्वजनिक रूप से अमेरिका से जुड़ा माना जाता है। अमेरिकी विदेश विभाग सऊदी अरब के लिए फिलहाल लेवल-3 'यात्रा पर पुनर्विचार करें' की सलाह दे रहा है। इसमें ड्रोन और मिसाइल हमलों, सशस्त्र संघर्ष और आतंकवाद का खतरा बताया गया है।



# पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के बयान पर भाजपा ने राहुल को घेरा

नई दिल्ली
एजेंसी

भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के हिंदू राष्ट्रवाद को लेकर दिए गए बयान पर सियासी बवाल मचा हुआ है। कई मुस्लिम धर्मगुरुओं ने पहले ही उनके बयान से किनारा कर लिया है। वहीं, अब भाजपा ने अंसारी के बयान को लेकर कांग्रेस और राहुल गांधी को निशाने पर ले लिया है।

भाजपा ने सोमवार को पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के हिंदू राष्ट्रवाद को लेकर दिए गए बयान पर निशाना साधा। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि हामिद अंसारी ने साफ कर दिया है कि कांग्रेस अब माओवादी-मुस्लिम लीग पार्टी हो चुकी है। त्रिवेदी ने कहा कि हामिद अंसारी ने ये भी बताया कि जवाहरलाल नेहरू भी वामपंथ को खतरा मानते थे। उन्होंने कहा कि ये खुलासा करने के लिए हामिद अंसारी को बधाई।

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज की कांग्रेस अल्ट्रा लेफ्ट में जा चुकी है और राहुल गांधी कम्युनिज्म में गोता लगा चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि यहां नेहरू का संदर्भ भी आपके समर्थक लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयानों में जो नजर आता है, वो उनका खानदानी गुण है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने 2 जून, 2023 को वॉशिंगटन डीसी में मुस्लिम लीग को पूरी तरह से धर्मनिरपेक्ष बताया था।

# रात के सन्नाटे में चोरों का धावा, गल्ले तोड़े, एक लाख किए पार

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

शहर में चोरी की वारदातें लगातार सामने आने के बीच बनभूलपुरा क्षेत्र में चोरों ने एक बार फिर पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शनि बाजार रोड स्थित कैंपा एजेंसी को चोरों ने देर रात निशाना बनाया। चोर एजेंसी के दोनों गल्ले तोड़कर करीब 80 हजार से एक लाख रुपये की नकदी ले उड़े। इतना ही नहीं, पीछे स्थित मैरिज हॉल से तीन एसी के आउटर भी चोरी कर लिए गए। घटना के बाद व्यापारियों में भी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

किदवई नगर निवासी मो. अमान की शनि बाजार रोड रेलवे फाटक के पास कैंपा एजेंसी है। उनके रात करीब सात बजे वह रोजाना की तरह एजेंसी बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन सुबह करीब नौ बजे जब एजेंसी खोली तो दोनों गल्ले टूटे मिले। गल्लों में रखी करीब 80 हजार से एक लाख रुपये की नकदी गायब थी।

पीड़ित ने बताया कि एजेंसी के पीछे स्थित हुसैनी बैंकट हॉल में भी चोरों ने हाथ साफ किया। वहां लगे तीन एसी के आउटर गायब मिले। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई तो रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच संदिग्ध गतिविधियां रिकॉर्ड होने की बात सामने आई।

घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। पीड़ित ने बनभूलपुरा कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर चोरों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।



प्रतीकात्मक

### रात्रि गश्त पर फिर उठे सवाल

लगातार चोरी की घटनाओं के बीच रात्रि गश्त और संदिग्धों की निगरानी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस लगातार शहर को अपराधमुक्त बनाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने का दावा करती है, लेकिन देर रात कारोबारी प्रतिष्ठानों में चोरी की घटनाएं सामने आना इन दावों की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े करता है। अब देखना यह है कि पुलिस इस वारदात का खुलासा कितनी जल्दी करती है।








# मां नंदा देवी महोत्सव: विश्व शांति के लिए किया हवन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा के तत्वावधान में चल रहे 124वें आठ दिवसीय श्री मां नंदा देवी महोत्सव के तहत रविवार को देवी पूजन के बाद श्री दुर्गा सप्तशती पाठ के बाद विश्वशांति हेतु हवन पंडित भगवती प्रसाद जोशी तथा पंडित घनश्याम जोशी द्वारा पूर्ण की गई।



इस धार्मिक अनुष्ठान में यजमान के रुप में राकेश वर्मा -रश्मि वर्मा, नारायण लाल वर्मा,हर्षवर्धन,कनिष्क भंडारी,रेनू भंडारी तथा पुष्प भंडारी शामिल हुए। मंदिर व्यवस्था में श्री मां नयना देवी अमर उदय ट्रस्ट का सहयोग प्राप्त हुआ तथा मंदिर व्यवस्था में मुकेश जोशी, कमलेश ढौंडियाल,भीम सिंह कार्की, धर्मेंद्र शर्मा, केदार सिंह राठौर, के एस कार्की, वीरू मेहरा, शिखर गुंबर तथा शंभू सिंह आदि शामिल रहे। दूसरी ओर श्री राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह व महासचिव जगदीश सिंह बवाड़ी समेत देवेंद्र लाल साह, विमल चौधरी, हरीश सिंह राणा,डा.मोहित सनवाल समेत अन्य पदाधिकारी व सदस्य भकतिभाव से जुटे रहे। सांस्कृति कार्यक्रमों के मुख्य संयोजक डा.मोहित सनवाल व उनके सहयोगियों के सहयोग से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया,जिसे दर्शकों ने काफी सराहा। इस दौरान बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल के छात्रों की प्रस्तुति नंदा राजजात यात्रा नाटिका सराहनीय रही वहीं नई दिशाएँ समिति नैनीताल के दल नायक किशन लाल के नेतृत्व में समिति के कलाकारों ने वंदना ओ नन्दा सुनन्दा तु दैण है जाये, ओटुवा बैलड़ा गढ़वाली नृत्य किया गया। मां सरस्वती लोक सांस्कृतिक कला समिति हरतोला ने वंदना दैणा होया खोली का गणेशा हे, झोड़ा टप टीपो तिमोली का पाता छपेली लै दे लै दे हीरा जबकि कुमाऊं सांस्कृतिक कला उत्थान समिति खुर्पाताल नैनीताल के कलाकारों ने दल नायक विनोद कुमार के नेतृत्व में ललिता कनवाल, पवन कुमार व ज्योति ने कुमाउनी डांस पेश किया। पंच आरती में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी समेत नगरपालिका की अध्यक्ष डॉ सरस्वती खेतवाल, चीफ स्टैंडिंग काउंसिल पूर्ण सिंह बिष्ट शामिल हुए आरती की।

इस दौरान डॉ मोहित सनवाल के साथ अनिल शर्मा प्रधानाचार्य मुख्य अतिथि, आशा शर्मा, सतीश पांडे, संजय गुप्ता, डी० के० शर्मा, मिथिलेश पांडे, अमर साह, सुरेश बिनवाल व देवेंद्र लाल साह मौजूद रहे।

## भंडारे में उमड़ी प्रसाद ग्रहण करने को भक्तों की भीड़

नन्दा देवी महोत्सव में भंडारे व्यवस्था में मुखय रुप से दीपक साह, संजय गुप्ता, राजेन्द्र बिष्ट मामु ,अतुल साह, मिथिलेश पाण्डे, भगवान सिंह, प्रेम सिंह, राजेश साह, मोहन नेगी, मन्जुल सनवाल तथा इन्दर सिंह नेगी आदि लोग लगे रहे वहीं शाम को पंच आरती के बाद डोला व्यवस्था में मुकेश जोशी, विमल चौधरी, भुवन बिष्ट, कैलाश जोशी, मोहित कुवरं, राजेन्द्र बजेठा व भीम सिंह कार्की आदि जुटे रहे।

## नंदा महोत्सव के विभिन्न पक्षों पर रखे विचार

**नैनीताल** । महोत्सव के सीधा प्रसारण में रविवार को नंदा महोत्सव के विभिन्न पक्षों की फ ोटोज,जन्माष्टमी के साथ ही नैनीताल की समस्याओं, एपन एइकोप्रिंटिंग के हैपीनेस, आर्ट ऑफ लिविंग, आशीर्वाद कलब तथा डाक्टर्स की चर्चा सभी के स्वास्थ के लिए में नीरज बिष्ट, सागर सोनकर, दीपा बिष्ट, राजेंद्र लाल साह, मिथिलेश पांडे, मोहित लाल साह, इंजीनियर विवेक धर्मशक्तू , तुला राम टमटा , अशोक साह, डॉ किरण तिवारी, रेशमा टंडन, मोनिका साह, अनूप साह, डॉ सी सी पंत, शिखा साह, रेखा कंसल, रेखा त्रिवेदी, मानसी गर्ग,मोनिका साह, गीता साह, सिमी अरोरा, कविता सनवाल, वंदना मेहरा व मारुति साह आदि शामिल रहे।

सायंकालीन सत्र में आराधन ही शक्ति में भवन बिष्ट, हरीश राणा ,मोहित साह तथा डॉ सरस्वती खेतवाल आदि शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ कपिल जोशी, डॉ ललित तिवारी, मीनाक्षी कीर्ति व नवीन पांडे ने किया ।

# अधिवक्ताओं को जल्द मिलेगी कैशलेस इलाज की सौगात

**देहरादून/ नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के अधिवक्ता समाज के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। उत्तराखंड हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह रावत और सचिव सौरभ अधिकारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने देहरादून में सूबे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान अधिवक्ताओं को कैशलेस चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने समेत अधिवक्ता समाज से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।



प्रतिनिधिमंडल ने मुखयमंत्री के समक्ष प्रदेश के अधिवक्ताओं और उनके आश्रित परिवारों के लिए 5 लाख तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने की मांग प्रमुखता से रखी। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेकशन एक्ट लागू किए जाने की आवश्यकता मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। इसके अलावा न्यायालय परिसरों में अधिवक्ताओं के लिए बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, अधिवक्ता कल्याण से जुड़े फंड तथा अन्य प्रशासनिक समस्याओं को लेकर भी बार पदाधिकारियों ने अपनी बात रखी। इस दौरान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी को उत्तराखंड हाईकोर्ट आने का निमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री ने निमंत्रण को स्वीकार करते हुए जल्द हाईकोर्ट आने का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने बार पदाधिकारियों से अधिवक्ता समाज से जुड़े अन्य विषयों पर भी चर्चा की और उनकी समस्याओं को लेकर सकारात्मक रुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री की ओर से कैशलेस चिकित्सा सुविधा सहित अन्य मांगों पर दिए गए सकारात्मक आश्वासन के बाद उत्तराखंड हाईकोर्ट बार एसोसिएशन और प्रदेश के अधिवक्ताओं में उममीद और उत्साह का माहौल है। अब अधिवक्ता समाज को सरकार की ओर से इस संबंध में होने वाले आगामी निर्णय और औपचारिक कार्रवाई का इंतजार है।

**चर्चा**

- अधिवक्ताओं को जल्द मिलेगी कैशलेस इलाज की सौगात

## नौकायन हेतु पूछने पर पर्यटकों ने नाविकों से की मारपीट

**नैनीताल।** नगर के माल रोड क्षेत्र स्थित बोट स्टैंड पर नौका चालकों के पर्यटकों से नौकायन के लिए पूछने पर विवाद हो गया। आरोप है कि नौका चालकों के राह चलते पर्यटकों से नौकायन के लिए पूछने पर पर्यटकों ने गालीगलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर पर्यटकों ने नाविकों के साथ मारपीट कर दी। सूचना पर पहुंची तल्लीताल पुलिस दोनों पक्षों को चौकी ले गई।

मामले में कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि मारपीट और गालीगलौज के मामले में शाहपुर कौशांबी (यूपी) निवासी कार्तिकेय सिंह, सुधांशु यादव, जय मिश्रा, वीर सिंह यादव व किशन सिंह और धनंजय सिंह के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई है।

## NEWS / फटाफट

### प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने पिता की स्मृति में लगया स्मृति पौध

**नैनीताल** । उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष/ राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान 797वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 797वें दिन डीडीहाट स्थित अपने आवास परिसर में अपने स्वर्गीय पिता तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में अपनी पत्नी प्रधानाध्यापिका निरंजना गुरुरानी के साथ स्मृति पौध लगाया।निरंजना गुरुरानी ने कहा कि वह भी काफी लंबे समय से पौधारोपण अभियान से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रकृति संरक्षण के लिए सभी ने पौधारोपण से जुड़ना चाहिए। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# निजी अस्पतालों में मरीजों के साथ हो रहा है भेदभाव: ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल के ब्लॉक प्रमुख डा.हरीश सिंह बिष्ट ने डीएम ललित मोहन रयाल को पत्र लिखकर डायरिया व पीलिया प्रभावित क्षेत्र के मरीजों के साथ निजी अस्पतालों द्वारा भेदभाव तथा आयुष्मान कार्ड की अस्वीकृति एवं अत्यधिक शुल्क वसूलने पर अंकुश लगाने की मांग की है। ब्लॉक प्रमुख डा.बिष्ट ने डीएम को अवगत कराया है कि विकास खंड के तहत ज्योलीकोट एवं आस पास के क्षेत्रों में वर्तमान में डायरिया व पीलिया का प्रकोप अत्यधिक फैला हुआ है जिसके कारण सैकड़ों की संखया में पीड़ित मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। डा.बिष्ट के मुताबिक अत्यंत खेद का विषय है कि जिले के कतिपय निजी अस्पतालों द्वारा इस आपदा की स्थिति में भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों का आर्थिक व मानसिक शोषण किया जा रहा है। इस संबन्ध में निरंतर गंभीर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, इन अस्पतालों द्वारा मरीजों के साथ अपमानजनक व्यवहार किया जा रहा है।



मरीजों के चिकित्सा बिल बढ़ाने के लिए अत्यधिक टेस्ट और महंगी बाहरी दवाओं को खरीदने के लिए विवश किया जा रहा है तथा आयुष्मान कार्ड की सुविधा देने हेतु स्पष्ट रूप से मना किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों का यह असंवेदनशील व्यवहार का रवैया न केवल अमानवीय है बल्कि जनस्वास्थ्य के सिद्धांतों के भी पूर्णत: विपरीत है। था सुनिश्चित कराई जाने की मांग की है साथ ही मरीजों के साथ दुर्व्यवहार करने, आयुष्मान कार्ड न लेने और अत्यधिक शुल्क वसूलने वाले इन अस्पतालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक व वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है।

# ज्योलिकोट प्रभावितों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में नि:शुल्क उपचार

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले की सीएमओ डॉ. रश्मि पंत ने अवगत कराया कि ज्योलिकोट प्रभावित क्षेत्र के लोगों को राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय हल्द्वानी में उपचार की सुविधा नि:शुल्क मुहैया कराई जाएगी। मरीजों से उपचार के लिए किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा चाहे उनके पास आयुष्मान कार्ड हो अथवा नहीं। आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित क्षेत्र के मरीजों को बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी रेफर किया जा सकता है।



बता दें वर्तमान में सीएमओ डा.पंत के निर्देश पर ज्योलिकोट एवं आसपास के प्रभावित क्षेत्रों में जलजनित रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार निगरानी, स्वास्थ्य परीक्षण व जांच एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।बेलवाखान, गांजा एवं ज्योलिकोट में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए जहां 87 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक्तानुसार दवाएं वितरित की गईं। इस दौरान 22 लोगों के बलड टेस्ट तथा 69 लोगों की काउंसलिंग तथा 14 लोगों को टेली.कंसल्टेंसी की सुविधा मुहैया कराई गई। इसके अतिरिक्त सचल वाहन द्वारा खुपी क्षेत्र में 43 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलिकोट में 34 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गयाए जिनमें से एक मरीज को भर्ती किया गया।

दूसरी ओर डॉ. परमजीत सिंह एचओडी मेडिसिन विभाग राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी तथा नंदन कांडपाल एपिडेमियोलॉजिस्ट आईडीएसपी नैनीताल द्वारा ज्योलिकोट स्थित नैंसी कॉन्वेंट कॉलेज एवं पीपीजेएसवी विद्यालय में पीने के पानी के कलोरीनेशन से संबंधित 11 सैंपल लिए गएए जो सही पाए गए। इसके अतिरिक्त हाइड्रोजन सल्फाइड जांच के लिए सैंपल लिए गए हैं जिनकी रिपोर्ट 24 घंटे बाद प्राप्त होगी। डॉ. परमजीत सिंह द्वारा विद्यालय में भोजन तैयार करने वाले कर्मचारियों को विशेष स्वच्छता बनाए रखने, भोजन तैयार करने से पहले एवं बाद में हाथों की साफ.सफाई रखने तथा भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई। साथ ही ज्योलिकोट क्षेत्र के होटल एवं होमस्टे संचालकों से अपील की गई है कि वे स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें तथा अपने यहां कार्यरत कर्मचारियों एवं संबंधित लोगों की स्वास्थ्य जांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलिकोट में अवश्य कराएं। होटल एवं होमस्टे में पेयजलए भोजन की स्वच्छता तथा साफ.सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएए ताकि जलजनित रोगों के संक्रमण की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके।

# अभिमत

## प्रकृति दे रही जवाब

*आपदा का कारण पहाड़ पर पेड़ों का अंधाधुंध कटान है। हमने प्रकृति के साथ इतना अन्याय और हस्तक्षेप किया है कि अब प्रकृति हमें जवाब दे रही है। शीर्ष अदालत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पर्यावरण मंत्रालय, जल शक्ति मंत्रालय, एनएचआई, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और पंजाब सरकार से अनियोजित विकास और भारी संख्या में पेड़ काटने पर जवाब तलब किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट से यह पता चला कि बाढ़ के दौरान बड़ी संख्या में लकड़ी के लट्ठे इधर-उधर बह रहे थे, जो एक नजर में यह दर्शाता है कि पहाड़ पर पेड़ों की अवैध कटाई हो रही है।*

मानसून के दौरान अतिवृष्टि होना सामान्य सी बात है। अधिक बारिश होने पर बाढ़ आती है। उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल में आपदा के लिए मनुष्य स्वयं दोषी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हमें विकास को संतुलित करना होगा। आपदा का कारण पहाड़ पर पेड़ों का अंधाधुंध कटान और चौड़ी सड़क बनाने के लिए पहाड़ को खोखला करना है। हमने प्रकृति के साथ इतना अन्याय और हस्तक्षेप किया है कि अब प्रकृति हमें जवाब दे रही है। शीर्ष अदालत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पर्यावरण मंत्रालय, जल शक्ति मंत्रालय, एनएचआई, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और पंजाब सरकार से अनियोजित विकास और भारी संख्या में पेड़ काटने पर जवाब तलब किया। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट से यह पता चला कि बाढ़ के दौरान बड़ी संख्या में लकड़ी के लट्ठे इधर-उधर बह रहे थे, जो एक नजर में यह दर्शाता है कि पहाड़ पर पेड़ों की अवैध कटाई हो रही है। पर्वतीय क्षेत्र में सड़कों के निर्माण में नियमों की अवहेलना की गई है। प्राकृतिक जलस्रोतों पर अतिक्रमण करके निर्माण कार्य हो रहा है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन और जल शक्ति मंत्रालय हिमालयी क्षेत्र की नदियों तथा पारंपरिक जलस्रोतों को बचाने का कर्तव्य निभाने में विफल हैं। हिमालयी राज्यों की प्राचीन पारिस्थितिकी की रक्षा के लिए केन्द्र और राज्य सरकारों के पास आपदा प्राधिकरण है, लेकिन आपदा रोकने और क्षति को कम करने के लिए सरकार के पास कोई योजना नहीं होने से हर साल आपदायें बढ़ती जा रही हैं। उत्तराखंड में सड़क चौड़ीकरण का दौर चल रहा है। पर्वतीय क्षेत्र में विस्फोट से पहाड़ तोड़े जा रहे हैं। मैदानी क्षेत्र में सड़क किनारे के पेड़ों को काटा जा रहा है। पहाड़ पर सड़क चौड़ी करने और नई सड़क निर्माण के लिए पेड़ काटने के साथ पहाड़ को मशीनों से काटा जा रहा है। पूरी पहाड़ी दरक जाती है। पहाड़ पर दरारें पड़ गई हैं। बारिश होने पर भूस्खलन होता है। उत्तरकाशी में भवनों और जमीन में दरारें पड़ने पर अनेक भवन गिराये गये थे। हर साल बादल फटने से तबाही मचती है। बादल फटने पर पानी को नदी में बहने का रास्ता मिल जाये तो जान-माल की क्षति नहीं होती है। अवैध तरीके से नदियों के रिस्क जोन में अतिक्रमण करके निर्माण कार्य किया गया है। नदियों के किनारे अवैध रूप से निर्माण कार्य किये गये हैं। बारिश का पानी बहने की जगह नहीं मिलने पर जलभराव होता है।

# कुमाऊं में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का शक्ति प्रदर्शन

### काशीपुर में जुटेंगे पदाधिकारी, संगठन विस्तार से लेकर सेवा संकल्प अभियान तक बनेगी रणनीति

**हल्द्वानी** हमारे संवाददाता

कुमाऊं में संगठन की जमीन मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों को धार देने के लिए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा आज काशीपुर में रणनीति का खाका तैयार करेगा। मोर्चा की कुमाऊं मंडल की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक रविवार को अपराह्न तीन बजे होटल गौतमी हाइट्स में होगी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ करेंगे।

बैठक में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर बासित अली के प्रस्तावित उत्तराखंड प्रवास को लेकर तैयारियों पर विशेष मंथन होगा। इसके अलावा संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों और मोर्चे की कार्ययोजना को लेकर पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन, प्रदेश महामंत्री महमूद हसन बंजारा, कोषाध्यक्ष शनावाज़ खान, प्रदेश उपाध्यक्ष इसरार अहमद, राव जमीर व परवेज खान, डॉ. यूनुस चौधरी, प्रदेश सोशल



मीडिया संयोजक यूसुफ मलिक, ओबीसी आयोग सदस्य जेड.ए. वारसी, सह प्रभारी नफीस खान और प्रदेश सदस्य राजा कमाल समेत अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे।

बैठक में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक प्रदेशभर में चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान-2026' की प्रगति की भी समीक्षा होगी। अभियान के तहत 'आशीर्वाद का दीया', 'नमो सेवा गाथा', 'आंगन का उत्सव', 'सेवा सेतु अभियान' और 'रंगोली राष्ट्र' जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पदाधिकारी अभियान की अब तक की गतिविधियों का फीडबैक देने के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा करेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ ने प्रदेश पदाधिकारियों, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों, जिलाध्यक्षों और जिला महामंत्रियों से निर्धारित समय से पहले बैठक स्थल पर पहुंचने की अपील की है।

उन्होंने संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी को प्राथमिकता देने की बात कही।

## 422वां प्रकाश दिवस और ग्रंथी स्थापना दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया

**बाजपुर।** नगर स्थित गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का 422वां प्रकाश दिवस और ब्रह्म ज्ञानी बाबा बुड्ढा साहिब जी का ग्रंथी स्थापना दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित गुरमति समागम में दूरदराज से संगत ने पहुंचकर गुरु चरणों में शीश नवाया। समागम में अखंड पाठ साहिब के भोग के उपरांत विशेष दीवान सजाए गए। सिख पंथ के रागी, ढाडी और कीर्तनी जत्थों ने गुरबाणी और गुरु इतिहास का गुणगान किया। समागम में दरबार साहिब के ज्ञानी राजदीप सिंह, हजूरी रागी भाई कमलजीत सिंह, ढाडी जत्था मोगा के भाई बलकरन सिंह बाज, हजूरी कीर्तनी जत्थे के भाई सोहन सिंह और भाई इकबाल सिंह ने विशेष रूप से हाजिरी भरी। रागी जत्थों ने गुरु साहिब की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए संगत को गुरवाणी के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। वहां रणधीर सिंह, तेजेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह, मंगत सिंह, भूपेंद्र कौर, सुरेंद्र सिंह, त्रिलोक सिंह आदि रहे।

# मां नंदा सुनंदा महोत्सव में वन विभाग का स्टॉल, मिल रहे अनुसंधान की जानकारी के साथ गुणवत्तापूर्ण पौधे

**नैनीताल** हमारे संवाददाता

नैनीताल, नंदा देवी महोत्सव में वन वर्धनिक पर्वतीय, नैनीताल की ओर से विभागीय स्टॉल लगाया गया है। स्टॉल के माध्यम से लोगों को वन अनुसंधान, पौध उत्पादन और संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही विभिन्न प्रजातियों के उच्च गुणवत्तायुक्त पौधे उचित दरों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

वन अनुसंधान क्षेत्राधिकारी, गाजा रेंज राजेंद्र प्रसाद आर्या ने बताया कि ज्योलीकोट स्थित गाजा अनुसंधान रेंज की अनुसंधान एवं संरक्षण गतिविधियों को आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्टॉल लगाया गया है। यहां लोगों को पौधों के सही रोपण, देखभाल और संरक्षण की जानकारी भी दी जा रही है।

स्टॉल पर बेल, तुलसी, अपराजिता और हरसिंगार समेत विभिन्न प्रजातियों के पौधे उपलब्ध हैं, जिन्हें





लोग पसंद कर रहे हैं। इसके अलावा पंपलेट और अन्य साहित्य के माध्यम से नर्सरी में पौध तैयार करने की तकनीक, लाइकेन गार्डन, मॉस गार्डन, पिथौरागढ़ कंजरवेशन सेंटर और बायोडायवर्सिटी पार्क हल्द्वानी सहित विभिन्न संरक्षण स्थलों की जानकारी दी जा रही है।

अनुसंधान सहायक योगेश त्रिपाठी ने बताया कि स्टॉल का मुख्य उद्देश्य वन विभाग के अनुसंधान कार्यों को आम लोगों तक पहुंचाना और उन्हें गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री के बारे में जागरूक करना है। इसके साथ ही स्थानीय जैव विविधता, वन और वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा देना भी विभाग की प्राथमिकता है।

# फिल्मी दुनिया

## शूटिंग शुरू करने से चार दिन पहले छोड़ी डेब्यू फिल्म





*बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर 21 सितंबर को अपना 46वां जन्मदिन मना रही हैं।*

*बॉलीवुड की बेबो यानी करीना कपूर खान सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि एक ब्रांड हैं। कपूर खानदान की पांचवीं पीढ़ी की यह अदाकारा पिछले ढाई दशकों से हिंदी सिनेमा पर राज कर रही हैं। पर्दे पर उनका बिंदास अंदाज हो या निजी जिंदगी में उनके फैसले करीना हमेशा चर्चा में रही हैं। आज 21 सितंबर को एक्ट्रेस अपना 46वां जन्मदिन मना रही हैं। करीना कपूर का जन्म 21 सितंबर, 1980 को हिंदी सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित परिवार में से एक कपूर खानदान में हुआ। वह राज कपूर की पोती और रणधीर-बबीता की बेटी हैं। खास बात ये है कि उनके दादा राज कपूर ने एक्ट्रेस का नाम सिद्धिमा रखा था। लेकिन मां ने बुक एना कैरेनीना से प्रेरित होकर नाम बदल दिया और करीना रख दिया। करीना कपूर के डेब्यू की कहानी किसी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं है। राकेश रोशन अपनी फिल्म कहो ना प्यार है से अपने बेटे ऋतिक रोशन और करीना कपूर को लॉन्च करने वाले थे। करीना ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी थी और एक-दो सीन शूट भी कर लिए थे। ऐसे बताया जाता है कि शूटिंग शुरू होने के कुछ ही दिनों बाद करीना की मां बबीता और निर्देशक राकेश रोशन के बीच फिल्म की स्क्रिप्ट और करीना के रोल के महत्व को लेकर विवाद हो गया। बबीता को लगा कि फिल्म का पूरा फोकस ऋतिक पर है और करीना को स्क्रीन स्पेस कम मिल रहा है।*

### बीच में छोड़ी पढ़ाई

- *करीना की शुरुआती पढ़ाई मुंबई के जमनाबाई नरसी स्कूल और देहरादून के वेल्हम गर्ल्स स्कूल से हुई।*
- *इसके बाद अभिनेत्री ने मुंबई के मिठीबाई कॉलेज में कॉमर्स की पढ़ाई की। हालांकि, उन्होंने डिग्री पूरी नहीं की।*
- *करीना ने हार्वर्ड समर स्कूल से माइक्रो कंप्यूटर का तीन महीने का कोर्स भी किया था।*
- *फिर उन्होंने मुंबई के गवर्नमेंट लॉ कॉलेज में दाखिला लिया। लेकिन एक्टिंग में करियर बनाने के लिए उन्होंने पढ़ाई बीच में छोड़ दी।*

# पत्नी को मारी गोली, पुलिस से बोला-मैंने हत्या कर दी, वारदात के बाद पति फरार

**देहरादून** हमारे संवाददाता

क्लेमेनटाउन थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। महिला का शव एक प्लॉट के अंदर बने कमरे से बरामद हुआ। पत्नी को गोली मारने के बाद पति ने खुद पुलिस को फोन किया और बताया कि मैंने हत्या कर दी है। घटना के बाद से उसका पति धीरज पंवार फरार है।

पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर पति के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह करीब छह बजे कंट्रोल रूम को धीरज पंवार नाम के व्यक्ति ने फोन कर बताया कि उसने अपनी पत्नी को गोली मार दी है। सूचना मिलते ही क्लेमेनटाउन पुलिस ने कॉल करने वाले से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उसका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। इसके बाद पुलिस ने कॉल की लोकेशन के आधार पर आसपास तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद एक प्लॉट के अंदर बने कमरे की जांच की। कमरे में काजल (26) पत्नी धीरज पंवार मृत अवस्था में मिली। पुलिस के मुताबिक महिला की मौत गोली लगने से हुई है। सूचना के बाद फील्ड यूनिट को भी मौके पर बुलाया गया और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस के अनुसार काजल अपने पति धीरज के साथ ईदगाह रोड, सुभाष नगर क्षेत्र में रह रही थी। उसके भाई अभिषेक का घर भी बगल में है। अभिषेक ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन और जीजा के बीच कई दिनों से विवाद चल रहा था।



# आयोजन : लोक संस्कृति की थाप से गूंजा उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय



**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड की समृद्ध लोकसंस्कृति, पारंपरिक वाद्य परंपराओं एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और नई पीढ़ी तक उसके हस्तांतरण के उद्देश्य से 'अपनी धरोहर न्यास' के तत्वावधान में ढोल-दमाऊ कार्यशाला का आयोजन को उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के सी.डी.एस. जनरल बिपिन रावत बहुउद्देशीय सभागार में किया गया। कार्यक्रम में ढोल-दमाऊ सहित उत्तराखण्ड के पारंपरिक लोकवाद्यों की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्ता को प्रस्तुतियों के माध्यम से समझाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों के स्वागत में ढोल-दमाऊ की पारंपरिक थाप, दीप प्रज्वलन एवं शगुन आखर के साथ हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों का परिचय कराया गया तथा उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। स्मृति चिह्न के रूप में ढोल-दमाऊ की लघु प्रतिकृति विशेष रूप से प्रदान की गई।कार्यक्रम में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहानी, उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यू-कॉस्ट) के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माननीय सह प्रान्त प्रचारक चन्द्रशेखर, डॉ. सोहन लाल, मोहन लाल, सुनीता जोशी एवं शांति जीना सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन संबोधन शांति जीना ने कुमाऊँनी भाषा में दिया। उन्होंने 'अपनी धरोहर संस्था' के उद्देश्यों, कार्यों एवं सांस्कृतिक संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों का परिचय कराया। उन्होंने कहा कि संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण की शुरुआत स्वयं से होती है और अपनी सांस्कृतिक जड़ों को समझना तथा उन्हें जीवन में अपनाना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रान्त प्रचारक चन्द्रशेखर ने भारत एवं उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक विविधता और समृद्ध परंपराओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्कृति की निरंतरता तभी बनी रह सकती है जब उसकी परंपराओं और मूल्यों को अगली पीढ़ी तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। उन्होंने युवा पीढ़ी को अपनी लोक संस्कृति और विरासत से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन प्रो. राकेश चन्द्र रयाल द्वारा किया गया। आयोजन व्यवस्था में न्यास के अध्यक्ष विजय भट्ट, कृष्ण चन्द्र बेलवाल, सर्व व्यवस्था प्रमुख, तथागोपाल सिंह पटवाल, व्यवस्था प्रमुख सहित आयोजन टीम के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यहां डॉ. सोहन लाल एवं उनकी टीम, यू-कॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत, कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहानीआदि मौजूद रहे। कार्यक्रम ने उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति और पारंपरिक कलाओं को संरक्षित करने, उन्हें नई पीढ़ी तक पहुंचाने तथा विश्वविद्यालय परिसर को सांस्कृतिक संवाद एवं लोक विरासत के संरक्षण के एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में विकसित करने का संदेश दिया।

## News कॉर्नर

### लेवड़ा नदी पुल का निर्माण अंतिम चरण में, जल्द शुरू होगा आवागमन

**बाजपुर।** बेरिया दौलत रोड पर लेवड़ा नदी पर बन रहे पुल का निर्माण अंतिम चरण में पहुंच गया है। पुल तैयार होने के बाद बाजपुर से गूलरभोज और गदरपुर जाने वाले लोगों के साथ पर्यटकों को भी राहत मिलेगी। वहीं, बेरिया दौलत, शिवपुरी, भजुआनगला और चंदनपुरा समेत करीब 20 गांवों के लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। बाजपुर क्षेत्र को बाढ़ से बचाव और बेहतर आवागमन की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से बेरिया दौलत रोड और चकरपुर में लेवड़ा नदी पर पुल निर्माण की मंजूरी दी गई थी। इसके लिए सरकार ने दो करोड़ 82 लाख 97 हजार रुपये स्वीकृत किए हैं। एई, लोनिवि, सतनाम सिंह ने कहा कि लेवड़ा नदी पुल की एप्रोच पर चिनाई और मिट्टी भरान का काम चल रहा है। अक्तूबर में पुल पर हॉट मिक्स सड़क बना दी जाएगी।

# जीएसटी विभाग की कार्रवाई के खिलाफ व्यापारियों का हल्लाबोल

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

जीएसटी विभाग के खिलाफ रुद्रपुर के व्यापारियों में नाराजगी है। रविवार को रुद्रपुर व्यापार मंडल और इलेक्ट्रिकल यूनियन की ओर से विधवानी मार्केट में व्यापारियों ने बांह पर काला फीता बांधकर धरना देकर विरोध जताया। धरने के बाद व्यापारी जुलूस की शक्ल में विधवानी मार्केट से मुख्य बाजार होते हुए भगत सिंह चौक तक गए और जीएसटी विभाग के खिलाफ नारेबाजी की।

व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि विभाग व्यापारियों को डरा-धमकाकर टैक्स जमा करने का दबाव बना रहा है। व्यापारी कानून के दायरे में कारोबार कर रहा है लेकिन उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि व्यापारी केवल टैक्स कलेक्शन की मशीन




नहीं बल्कि अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं रुकी तो व्यापार मंडल आरपार की लड़ाई लड़ेगा और बाजार बंद करने के लिए मजबूर होगा। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। प्रदर्शन में देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह, मनोज छाबड़ा, संदीप राव, प्रभात खुराना, जितेंद्र साहनी, शिवा चावला, कवलजीत बठला, राजेश कामरा, दिलीप गुगलानी, सोनू अनेजा, मांगेराम गर्ग, राजीव गंभीर, दीपक ग्रोवर, मयंक माटा, गुरदेव सिंह सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# सड़क पर उतरा बंगाली समाज, कलक्ट्रेट कूच के दौरान पुलिस ने नोकझोंक

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

चार प्रमुख मांगों को लेकर बंगाली समाज का आक्रोश रविवार को सड़कों पर उतर आया। पिछले 10 दिनों से रामलीला मैदान में चल रहे धरने के बाद बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने कलक्ट्रेट कूच किया। इस दौरान पुलिस से नोकझोंक और धक्का-मुक्की भी हुई।

रविवार को बंगाली समाज के लोग रुद्रपुर के रामलीला मैदान में जुटे। यहां संबोधन के बाद मैदान से जुलूस निकाला गया। नारेबाजी करते हुए प्रदर्शनकारी कलक्ट्रेट पहुंचे। पुलिस ने उन्हें गेट पर रोकने का प्रयास किया। संख्या अधिक होने के कारण प्रदर्शनकारी सुरक्षा घेरा पार कर कलक्ट्रेट परिसर में दाखिल हो गए और वहीं धरने पर बैठ गए।

बंगाली कल्याण समिति ने बताया कि चार मांगों के लिए वर्ष 2024 से संघर्ष कर रहे हैं। पिछले 10 दिन से धरना चल रहा था। इसके बाद भी शासन-प्रशासन उनकी सुध नहीं ले रहा है। बंगाली समाज ने धरने के बाद सीडीओ दिवेश शासनी को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन को चरणबद्ध रूप से आगे बढ़ाने की चेतावनी दी। समिति ने कहा कि पहले देहरादून में प्रदर्शन होगा और इसके बाद दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना दिया जाएगा। बंगाली समाज ने पूर्व से ही कलक्ट्रेट कूच का एलान किया था। इसे देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। बावजूद इसके कलक्ट्रेट के अंदर जाने के प्रयास में पुलिस और प्रदर्शनकारियों में धक्का-मुक्की हुई।

इसी दौरान एक युवक और पुलिस के बीच हाथापाई की नौबत भी आ गई थी। युवक के सिपाही का कॉलर पकड़ने से कुछ देर के लिए स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी।

# कुविवि को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता के साथ कल कार्यभार संभालेंगे वीसी प्रो.बिष्ट

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह



बिष्ट सोमवार (आज) को अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद 22 सितंबर (मंगलवार) को कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति का कार्यभार संभालेंगे।

बता दें प्रो. बिष्ट कुमाऊँ विश्वविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग में प्रोफेसर हैं और उनका इस विश्वविद्यालय से लंबे समय से अकादमिक एवं संस्थागत जुड़ाव रहा है। कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में प्रो. बिष्ट ने शिक्षण, शोध, नवाचार, विद्यार्थी केंद्रित व्यवस्थाओं, मानव संसाधन और अवस्थापना विकास को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। एसएसजे विश्वविद्यालय में उनके कार्यकाल के दौरान अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर और चंपावत परिसरों के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया। चारों परिसरों के आधुनिकीकरण के लिए 200 करोड़ से अधिक के प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजे गए। इसी अवधि में विश्वविद्यालय के अत्याधुनिक प्रशासनिक भवन का निर्माण पूरा हुआ जिसका लोकार्पण मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया गया।

मानव संसाधन के क्षेत्र में पिथौरागढ़, बागेश्वर और चंपावत परिसरों के लिए 244 शिक्षकीय एवं शिक्षणेत्तर पदों के सृजन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई वहीं अल्मोड़ा परिसर में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर तथा असिस्टेंट प्रोफेसर और सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष के कुल 89 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया। शोध गतिविधियों को सुदृढ़ करने के लिए शोध समिति, शोध सलाहकार समिति और शोध उपाधि समिति का गठन किया गया। मुखयमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना के तहत चार शिक्षकों की शोध परियोजनाओं को स्वीकृति मिली। एसएसजे विश्वविद्यालय के संस्थागत विकास का अनुभव लेकर अब प्रो. बिष्ट कुमाऊँ विश्वविद्यालय की जिममेदारी संभालेंगे। विश्वविद्यालय परिवार को उममीद है कि उनके नेतृत्व में कुमाऊँ विश्वविद्यालय शोध, शिक्षण, नवाचार, अकादमिक गुणवत्ता, विद्यार्थी कल्याण और अवस्थापना विकास के क्षेत्र में नई कामयाबियां हासिल करेगा।

### गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंजा बन्नाखेड़ा

**बाजपुर।** गांव बन्नाखेड़ा स्थित मोतिया महादेव मंदिर में गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया।

पांच दिन तक मंदिर परिसर में रात्रि भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। पांचवें दिन रविवार को गणपति के विग्रह को श्रद्धालु शोभायात्रा के रूप में रामनगर स्थित गर्जिया ले गए।

# अल्मोड़ा के नंदादेवी मेले में झोड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

**अल्मोड़ा**

हमारे संवाददाता

सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में इन दिनों नंदादेवी महोत्सव की धूम मची हुई है। भाद्रपद मास की नवमी के अवसर पर रविवार को मां नंदादेवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। साप्ताहिक अवकाश होने के कारण दूर-दराज गांवों सहित दूसरे जिले के लोग भी अपने परिवार के साथ मेले में पहुंचे और मां नंदा-सुनंदा के दर्शन कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद दिनभर दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। सुबह से ही मंदिर परिसर मंत्रोच्चार, शंख और घंटों की मधुर ध्वनि से गूंजता रहा। मां नंदा देवी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। महोत्सव में उमड़ी भीड़ के कारण मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में खासा उत्साह देखने को मिला। मेले में लगी विभिन्न दुकानों और स्टालों पर भी श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी की। अवकाश के चलते बड़ी संख्या में युवा और बच्चे भी अपने परिजनों के साथ मेले में पहुंचे। नवमी के दिन देर शाम तक मंदिर में पूजा-अर्चना और मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। नंदादेवी मेले में रविवार दोपहर झोड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# भव्य शोभायात्रा के साथ गणपति बप्पा को दी भावपूर्ण विदाई

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

वैश्य महासभा द्वारा आयोजित श्री गणेश महोत्सव दिव्यता और भव्यता के विभिन्न सोपानों को पार करते हुए आज अपने समापन की ओर बढ़ गया। महोत्सव के अंतिम दिन सुबह गणपति भगवान का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक पूजन किया गया।

गणपति पूजन अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, महामंत्री दिनेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता महिला अध्यक्ष राशि जैन, रश्मि गुप्ता, युवा अध्यक्ष सुशील साहू महामंत्री यश गुप्ता नीरज प्रभात गर्ग, बद्री प्रसाद गुप्ता, रामकिशोर अग्रवाल, रामबाबू जायसवाल, भगवान सहाय आदि ने किया। इसके पश्चात सुबह 11 बजे से श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। दोपहर 1 बजे गणपति बप्पा की भव्य शोभायात्रा विभिन्न बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और गणपति बप्पा के जयघोष के साथ रानी बाग के लिए रवाना हुई। शोभायात्रा में आकर्षक साज-सज्जा के साथ ईको फ्रेंडली गणपति प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मार्ग में जगह जगह गणपति बप्पा की आरती एवं प्रसाद



वितरण किया गया। रानी बाग पहुंचने के बाद गणपति भगवान की प्रतिमा का विधि-विधान एवं श्रद्धाभाव के साथ विसर्जन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण विदाई देते हुए अगले वर्ष गणपति बप्पा के पुनः आगमन की मंगलकामना की। महोत्सव में अशोक वार्ष्णेय,रजत महेश्वरी, सुमित केसरवानी, सुरेश केसरवानी, हीरालाल साहू,नीरज प्रभात गर्ग,संजय जैन, विनय जैन, योगेन्द्र साहू, यश गुप्ता, वैभव गुप्ता, राशि जैन, रश्मि गुप्ता, कन्हैयालाल जायसवाल,रवि गुप्ता, दीपक महेश्वरी, मयंक अग्रवाल,संजय गोयल , देवेश अग्रवाल, अतुल जायसवाल, कपिल अग्रहरी , ज्योति देवल, कपिल अग्रहरी, अतुल जायसवाल, नीता गुप्ता, मधु अग्रवाल, अमिता अग्रवाल एवं पूनम अग्रवाल योगेन्द्र साहू,सौरभ गुप्ता ,निशुल अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, बसंत अग्रवाल, मुकेश लहरिया, किशनलाल गुप्ता, देवेन्द्र गुप्ता, उमेश गुप्ता, तनुज गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में समाजबंधुओं एवं श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। वैश्य महासभा के पदाधिकारियों ने महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगकर्ताओं, श्रद्धालुओं एवं समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया।